## भुगोल :– समकालीन भारत–1 (भुगोल)

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–2, भारत का भौतिक स्वरूप

याद रखने योग्य बातें :–

1. प्लेट विवर्तनिक का सिद्धांत : एक सिद्धांत जो भौतिक आकृतियों के निर्माण की व्याख्या करने की कोशिश करता है।
2. प्लेट विवर्तनिक के सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी पर्पटी सात बड़ी एवं कुछ छोटी प्लेटों से बनी है।
3. हिमालय को नवीन वलित पर्वत कहा जाता है।
4. हिमालय की लम्बाई 2400 किलोमीटर है तथा चौड़ाई कश्मीर में 400 किलो मीटर तथा अरुणाचल प्रदेश में 150 किलोमीटर है।
5. देशान्तरी विस्तार के अनुसार हिमालय को तीन श्रेणियों में बाँटा जाता है। (क) हिमाद्री (ख) हिमाचल (ग) शिवालिक
6. पूर्वांचल पटकाई, नागा, मिज़ो, तथा मणिपुर की पहाड़ियों से मिलकर बनता है।
7. अनाईमुदी पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची शिखर है जिसकी ऊँचाई 2695 मीटर है जबकि महेंद्रगिरी पूर्वी घाट का सबसे ऊँचा शिखर है जिसकी ऊंचाई 1501 मीटर है।
8. प्रायद्वीपीय पठार का वह क्षेत्र जहाँ काली मृदा पाई जाती है वह दक्कन ट्रैप कहलाता है।
9. लक्षद्वीप का नाम 1973 में पड़ा इससे पहले इनको लाकदीव, मीनिकाए और ऐमिनदीव कहा जाता था।
10. दोआब का अर्थ है दो नदियों के बीच की भूमि।
11. चिल्का झील भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है यह उड़ीसा में स्थित है।
12. नदी के सागर में मिलने से पहले उसके प्रवाह में हल्का सा अवरोध आने पर मलबे का निक्षेपण होने लगता है। इससे अवसाद जमा होकर एक त्रिभुजाकार रूप ले लेता है। जिसे डेल्टा कहते है।
13. हिमाचल में पाए जाने वाले प्रमुख दर्रे : काराकोरम दर्रा, रोहतांग दर्रा, वुर्जिल दर्रा,



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

जोजिला दर्रा, पीरपंजाल दर्रा, शिपकिला दर्रा

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. हिमालय के रूप में ऊपर उठने के कारण किस समुद्र की समाप्ति हुई थी?
2. भारत में हिमालय का सबसे ऊँचा शिखर कौन सा है?
3. उन नदियों के नाम लिखो जिसके तंत्रों से उत्तर के विशाल मैदान का निर्माण हुआ है?
4. पुरानी तथा नई जलोढ़ मृदा को किन नामों से जाना जाता है?
5. भाबर की व्याख्या कीजिए।
6. तराई से क्या अभिप्राय है?
7. प्रायद्वीपीय पठार को मुखतः कितने भागों में विभाजित किया जाता है?
8. भारत के कौन से द्वीप समूह प्रवाल से निर्मित हैं?
9. एक स्थलीय भाग जो तीन ओर से समुद्र से घिरा हो क्या कहलाता है?
10. भारत के पूर्वी भाग में म्यांमार की सीमा का निर्धारण करने वाली पर्वतों का संयुक्त नाम क्या है?
11. दोआब क्या है?
12. चिल्का झील किस राज्य में स्थित है?
13. 'बरकान' क्या है?
14. भारतीय मरूस्थलीय क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी कौन–सी है?
15. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहां स्थित है?

## 3/5 अंक वाले प्रश्न

1. प्लेटों की गतियों को सामान्यतः कितने वर्गों में विभाजित किया जाता है? व्याख्या भी कीजिए।
2. भू–पृष्ट की मुख्य प्लेटें कौन सी हैं?
3. भारत में हिमालय के ऊँचे शिखर के नाम बताइए तथा उनकी ऊँचाई भी लिखिए?
4. हिमाद्री की तीन विशेषताएँ बताइए?



https://www.evidyarthi.in

5. हिमाचल की तीन विशेषताएँ बताइए?
6. शिवालिक की तीन विशेषताएँ बताइए?
7. नदी घाटियों की सीमाओं के आधार पर हिमाचल का वर्गीकरण कीजिए?
8. उत्तरी मैदान को मोटे तौर पर कितने वर्गों में विभाजित किया जाता है?
9. उत्तरी मैदान की विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
10. प्रायद्वीपीय पठार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
11. पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट के मध्य अंतर स्पष्ट करें?
12. भारतीय मरुस्थल की विशेषताओं का वर्णन कीजिए?
13. पश्चिमी तटीय मैदान तथा पूर्वी तटीय मैदान के मध्य अंतर स्पष्ट करें?,
14. भारतीय द्वीप समूह की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए?
15. भू–गर्भीय प्लेटें कौन सी हैं?
16. आज के कौन से महाद्वीप गौंडवाना लैंड के भाग थे?
17. हिमालय भारत के लिए वरदान स्वरूप कैसे हैं? बताइए

## उत्तर माला

**1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :–**

1. टेथिस
2. कंचनजंगा (8598 मीटर)
3. सिन्धु, गंगा, ब्रहमपुत्र तथा उनकी सहायक नदियों से
4. पुरानी जलोढ़ मिट्टी को भागर तथा नई जलोढ़ को खादर कहते हैं
5. नदियाँ पर्वतों से नीचे उतरते समय शिवालिक की ढाल पर 8 से 16 किलो मीटर की चौड़ी पट्टी पर गुटिका का निक्षेपण करती है जहाँ सभी सरिताएँ इस पट्टी में विलुप्त हो जाती है इस पट्टी को भाबर कहते हैं
6. भाबर के दक्षिण में सरिताएं एवं नदियाँ पुनः निकल आती हैं तथा दलदली क्षेत्र का निर्माण करती हैं इसी क्षेत्र को तराई कहा जाता है।
7. प्रायद्वीपीय पठार को मुखतः दो भागों में बांटा जाता है (क) मध्य उच्चभूमि (ख) दक्कन का पठार


https://www.evidyarthi.in

8. लक्षद्वीप

9. प्रायद्वीप

10. पूर्वांचल

11. दो नदियों के बीच की भूमि

12. उड़ीसा में

13. मरूस्थलीय भागों में अर्धचंद्राकार बालू के टीलों को बरकान कहा जाता है।

14. लूनी

15. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के बैरेन द्वीप पर।

**3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर**

1. प्लेटों की गतियों को सामान्यतः तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है।

(i) **अभिसारी परिसीमा**: प्लेटों का एक दूसरे के निकट आना जिस के कारण वह या तो एक दूसरे से टकरा कर या तो टूट जाती हैं या फिर एक प्लेट दूसरी के नीचे जा सकती है।

(ii) **अपसारी परिसीमा**: प्लेटों का एक दूसरे से दूर जाना।।

(iii) **रूपांतर परिसीमा** : इसमें प्लेंटें क्षैतिज दिशा में गति करती हैं।

2. यूरेशियन प्लेट

इंडियन प्लेट

अफ्रीकन प्लेट

उत्तरी अमेरिकन प्लेट

दक्षिण अमेरिकन प्लेट

अंटार्कटिक प्लेट

प्रशांत महासागरीय प्लेट

3. कंचनजंगा (8598 मीटर)

नंगा पर्वत (8126 मीटर)

कोमेट (7756 मीटर)

नामचा बरुआ (7756 मीटर)



https://www.evidyarthi.in

4. i) यह सब से अधिक सतत श्रृंखला जिसमें 6000 मीटर की औसत ऊंचाई वाले सर्वाधिक ऊँचे शिखर हैं।

ii) हिमालय के इस भाग का क्रोड ग्रेनाइट का बना हुआ है।

iii) यह श्रृंखला सदैव बर्फ से ढकी रहती है तथा इससे बहुत सी हिमानियों का प्रवाह होता है।

5. i) इन श्रृंखलाओं का निर्माण मुख्यतः अत्यधिक संपीडित तथा परिवर्तित शैलों से हुआ है।

ii) इनकी ऊंचाई 3700 मीटर से 4500 मीटर के बीच है तथा चौड़ाई 50 किलोमीटर है, पीर पंजाल श्रृंखला सबसे लंबी है तथा धौलाधर एवं महाभारत श्रृंखलाएं भी महत्वपूर्ण हैं।

iii) कश्मीर की घाटी तथा हिमाचल की काँगड़ा तथा कुल्लू की घाटियाँ इसी में स्थित हैं।

6. i) इस की चौड़ाई 10 से 50 किलोमीटर तथा ऊंचाई 900 से 1100 मीटर के बीच है।

ii) यह श्रृंखलाएँ उत्तर में स्थित मुख्य हिमालय की श्रृंखलाओं से नदियाँ के द्वारा लायी गई असंपीडित अवसादों से बनी है।

iii) शिवालिक के बीच में स्थित यह लंबवत घाटी तो दून के नाम से जाना जाता है। जैसे देहरादून कोतलिदून तथा पाटलीदून।

7. i) सतलुज तथा सिन्धु के बीच स्थित हिमालय को पंजाब हिमालय कहते हैं।

ii) सतलुज तथा काली नदियों के बीच स्थित हिमालय को कुमाऊ हिमालय कहते हैं।

iii) काली तथा तीस्ता नदियों के बीच के हिमालय को नेपाल हिमालय कहते हैं।

iv) तीस्ता तथा दिहांग नदियों के बीच के हिमालय को असम हिमालय कहते हैं।

8. i) सिन्धु तथा उसकी सहायक नदियों झेलम, चेनाब, रावी, व्यास, तथा सतलुज का मैदान जो अधिकतर दोआबों का निर्माण करती हैं पंजाब का मैदान कहलाता है। इसका अधिकतर भाग पाकिस्तान में स्थित है।

ii) गंगा, घघ्घर तथा तीस्ता नदियों के बीच स्थित मैदान गंगा के मैदान के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र में भारत के राज्य हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड के कुछ भाग तथा पश्चिमी बंगाल आते हैं।



https://www.evidyarthi.in

iii) ब्रह्मपुत्र का क्षेत्र विशेषतः असम का मैदान कहलाता है।

9. i) इस मैदान का निर्माण मुखतः हिमालय की नदियों तथा प्रायद्विपीय नदियों द्वारा ली गई जलोढ़ मिट्टी मृदा के कारण हुआ है।

ii) इस का विस्तार 7 लाख वर्ग किलोमीटर है यह मैदान लगभग 2400 किलोमीटर लम्बा और 240 किलोमीटर से 320 किलोमीटर चौड़ा है।

iii) यह मैदान अत्यधिक उपजाऊ है।

iv) यह मैदान भारत का सघन भू–भाग है।

v) इस मैदान की नदियाँ समुद्र में गिरते हुए डेल्टा का निर्माण करती हैं। यह क्षेत्र भी उपजाऊ होते हैं।

10. i) यह प्राचीनतम भू–भाग गोंडवाना भूमि का एक मेज की आकृति वाला स्थल है जो आग्नेय, पुराने क्रिस्टलये तथा रूपांतरित शैलों से बना हैं।

ii) इस के दो भाग हैं, नर्मदा नदी के दक्षिण में एक त्रिभुजाकार भू–भाग हैं इसे दक्षिण का पठार कहते हैं जबकि उत्तरी भाग को मध्य उच्च भूमि कहते हैं। इसमें छोटा नागपुर का पठार, बुंदेलखंड का पठार और मालवा का पठार सम्मिलत हैं।

iii) इस पठार का एक भाग उत्तर पूर्व में भी देखा जा सकता है इसे मेघालय तथा कार्बी आंगलौंग पठार भी कहते हैं।

iv) दक्षिणी पठार के पश्चिमी तथा पूर्वी किनारे क्रमशः पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट कहलाते हैं।

v) दक्षिणी पठार के काली मिट्टी का क्षेत्र दक्कन ट्रैप कहलाता है।

11. **पश्चिमी घाट** :–

क) पश्चिमी घाट पश्चिमी तट के सामानांतर सतत श्रृंखला है जिसे केवल दर्रों से पार ही किया जाता है

ख) पश्चिमी घाट की ऊँचाई 900 से 1600 मीटर है, पश्चिमी घाट की ऊंचाई उत्तर से दक्षिण की और बदली जाती है।

ग) अनाईमुदी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

**पूर्वी घाट** :–



https://www.evidyarthi.in

क) पूर्वी घाट पूर्वी तट के सामानांतर असतत श्रृंखला है जिसे बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियों ने काट दिया है।

ख) पूर्वी घाट की औसत ऊंचाई 600 मीटर है।

ग) महेंद्रगिरी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

12. i) इस क्षेत्र में 150 मि.मी. से कम वार्षिक वर्षा होती है।

ii) इस क्षेत्र में वनस्पति बहुत कम है।

iii) इस क्षेत्र की नदियाँ समुद्र तक कम जल होने के कारण नहीं पहुँच पाती और केवल वर्षा ऋतु में ही दिखाई देती हैं।

iv) बरकान (अर्धचन्द्राकार बालू का टीला) इस क्षेत्र में अधिक मिलते हैं, लम्वत बालू के टीले भारत–पाकिस्तान की सीमा के निकट जैसलमेर में दिखाई देते हैं।

v) लूनी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी है।

13. **पश्चिमी तटीय मैदान** :–

क) पश्चिमी घाट तथा अरब सागर के मध्य स्थित मैदान हैं।

ख) पश्चिमी तटीय मैदान के तीन भाग हैं।

ग) उत्तरी भाग को कोंकण, मध्य भाग को कन्नड़ तथा दक्षिणी भाग को मालाबार कहते है।

घ) पश्चिमी तटीय मैदान कम चौड़ा है।

**पूर्वी तटीय मैदान** :–

क) पूर्वी घाट तथा बंगाल की खाड़ी के मध्य स्थित मैदान है।

ख) पूर्वी तटीय मैदान दो भागों में विभाजित है उत्तरी भाग को उत्तरी सरकार तथा दक्षिणी भाग को कोरोमंडल तट के नाम से जाना जाता है।

ग) यह मैदान विस्तृत है।

14. भारत के दीप समूह को दो भागों में विभाजित किया जाता है।

1. लक्षद्वीप समूह

क) ये दीप प्रवाल से निर्मित हैं।

ख) इनका क्षेत्रफल कुल 32 कि.मी. है। कावारत्ती इस का प्रशासनिक मुख्यालय है।

ग) इस द्वीप समूह में पादप तथा जन्तुओं की अनगिनत प्रकार की प्रजाति पाई



https://www.evidyarthi.in

जाती है।

(ii) अंडमान एवं निकोबार दीप समूह

क) यह द्वीप उत्तर से दक्षिण की ओर फैले हुए हैं और दो भागों में विभाजित है, उत्तर में अंडमान और दक्षिण में निकोबार।

ख) ये द्वीप जलमग्न पर्वतों का हिस्सा माने जाते हैं।

ग) इनकी जलवायु विषुवतीय है इस द्वीप समूह में पादक तथा जन्तुओ की बहुत विविधता पाई जाती है। यह द्वीप देश की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पोर्ट ब्लेयर इस का प्रशासनिक केंद्र है।

15. पृथ्वी के अन्दर से उठने वाली संवहन तरंगो के कारण भू–पृष्ठ कई बड़े बड़े खण्डो में बँट गया है इन्ही भू–खण्डो को भू–गर्भिय प्लेट कहा जाता है?

16. दक्षिणी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, प्राय–द्वीपीय भारत और ऑस्ट्रेलिया, गोंडवाना लैंड के भाग थे।

17. i) भारत को अविजित सीमा प्रदान करता है।

ii) मानसूनी हवाओं को रोक कर भारत में वर्षा का कारण बनता है।


iii) सदानीरा नदियों का एकमात्र स्रोत।

iv) प्राकृतिक संसाधनों का अक्षय भंडार।


v) सुन्दर घाटियों और स्वास्थ्यवर्धक आश्रय स्थल।



https://www.evidyarthi.in





प्लेटों की विभिन्न गतियाँ






https://www.evidyarthi.in



भारत — मुख्य भौगोलिक वितरण



https://www.evidyarthi.in